GODHA
Cabcon & Insulation Ltd.

Date: December 18,2021

To,

The Manager,
Listing Compliance Department,
National Stock Exchange of India Limited,
Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block,
Bandra kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai- 400051.

Dear Sir / Madam,

Subject: Newspaper clipping of Notice of Postal Ballot e-voting

In compliance with SEBI(Listing obligation and disclosure Requirement)2015 the company has made advertisement in Newspaper of result of Postal Ballot e-voting as on December 15,2021 for Change in Object Clause of Godha Cabcon & Insulation Limited.

In this regard please find enclosed newspaperand clipping and oblique.

Thanking You,

Yours Faithfully,

For Godha Cabcon & Insulation Ltd

Madhu Godha
Director
DIN: 07607783

36-D, Sector-B,Industrial area, Sanwer Road, INDORE - 452 006 INDIA
T. +91 731 - 4029509 E. info@godhacabcon.com W. www.godhacabcon.com
CIN-L31909MP2016PLC041592

एक नजर

मुख्यमंत्री ने गीतकार गोयल के निधन पर दुख व्यक्त किया

भोपाल /विदिशा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा के वरिष्ठ पत्रकार



श्री कमल गोयल के भाई साहित्यकार, फिल्मकार श्री अनिल गोयल के निधन पर दुख व्यक्त किया है। अनिल गोयल भोपाल में निवास करते थे। गीतकार, कवि श्री अनिल गोयल की मां पर केन्द्रित काव्य रचनाएं उनकी पहचान थीं। वे श्रेष्ठ प्रदर्शनी संयोजक भी थे। मुख्यमंत्री चौहान ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

आनलाइन परीक्षा की मांग कराने को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन

भोपाल,(निप्र)। परीक्षा लिए जाने को लेकर सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी में छात्रों ने शुक्रवार दोपहर हंगामा किया। आनलाईन परीक्षा की मांग कराने को लेकर छात्रों के साथ एनएसयूआई ने प्रदर्शन किया। नर्सिंग और पैरामेडिकल के शुक्रवार होने वाली परीक्षाओं को रद्द कर दिया गया। प्रबंधन ने इस संबंध में नए आदेश भी जारी कर दिए। एनएसयूआई मेडिकल विंग के प्रदेश समन्वयक रवि परमार ने बताया कि प्रबंधन ने उनकी मांगें मान ली हैं। सेम नर्सिंग कॉलेज और पैरामेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं की आनलाईन पढ़ाई हुई। इसके बाद प्रबंधन द्वारा ऑफलाइन परीक्षा ली जा रही थी। इसी को लेकर नर्सिंग और पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं की आनलाईन परीक्षा करवाई जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया है। सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलपति और रजिस्ट्रार ने एनएसयूआई मेडिकल विंग और छात्र-छात्राओं की मांग पर तत्काल परीक्षाएं आगामी आदेश तक स्थगित कर दी हैं। परमार ने आरोप लगाए कि प्रबंधन की तरफ से पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं को ऑडियो के माध्यम से दो डंडो में हड्डियां तोड़ने और मारने की धमकी दी जा रही हैं। अगर नर्सिंग और पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं की आनलाईन परीक्षा के लिए आदेश जारी नहीं किया, तो एनएसयूआई उग्र प्रदर्शन कर भूख हड़ताल करेगी।

उत्तर भारत की सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठंड

भोपाल,(निप्र)। उत्तर से आने वाली सर्द हवाओं के कारण राजधानी भोपाल में ठंड का एहसास होने लगा है। दिसंबर में पहली बार सुबह-सुबह कोहरा रहा। मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान तापमान में गिरावट होगी। इसके बाद 18 दिसंबर से रात और दिन के पारे 10 डिग्री के नीचे आना शुरू हो जाएंगे। यह सीजन में ठंड की शुरूआत है। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में अच्छी ठंड रहेगी, लेकिन जनवरी का पहला सप्ताह ज्यादा ठंडा नहीं रहेगा। पिछले साल इसी दौरान न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास था।

रात का पारा नीचे आएगा- मौसम विभाग के अनुसार भोपाल में दिन और रात के तापमान में गिरावट होगी। दिन का पारा 24 डिग्री तक आ सकता है, जबकि रात का पारा 11 डिग्री तक लुढ़क सकता है। भोपाल में सुबह के समय कोहरा भी रहेगा। हवा करीब 14 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने के कारण ठंड का एहसास ज्यादा रहेगा।

अगले वर्ष जनता के बीच होगा पुलिस स्थापना दिवस कार्यक्रम

महिला सुरक्षा, ड्रग माफिया और साइबर क्राइम मध्यप्रदेश पुलिस की प्रमुख चुनौतियां-मुख्यमंत्री

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि महिला सुरक्षा, ड्रग माफिया का पूरी तरह सफाया और साइबर क्राइम पर प्रभावी कार्यवाही मध्य प्रदेश पुलिस के सामने प्रमुख चुनौतियाँ हैं। मध्य प्रदेश पुलिस को जो भी दायित्व सौंपा गया है वह पूरी दक्षता, दृढ़ता, कर्त्तव्य निष्ठा और जिम्मेदारी से निभाया गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान मध्यप्रदेश पुलिस स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में सर्वप्रथम शहीद स्मारक पर नमन कर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने परेड के निरीक्षण एवं मार्च पास्ट के बाद उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस अधिकारियों को पदक प्रदान किए। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा मध्य प्रदेश पुलिस गीत का लोकार्पण भी किया गया। गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी, पुलिस के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मध्य प्रदेश पुलिस स्थापना दिवस की सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पुलिस के खाते में एक नहीं अनेक उपलब्धियाँ हैं, जिन पर मुझे मुख्यमंत्री के रूप में और प्रदेश की जनता को भी पुलिस पर गर्व है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मध्यप्रदेश पुलिस को दिशा देने के लिए श्री रुस्तम जी, श्री आर.एन नागू, श्री चमनलाल, श्री अशोक पटेल, श्री जे.एन. सक्सेना और श्री ओ.एन. श्रीवास्तव आदि का स्मरण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश पुलिस ने अदम्य साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए स्थापना वर्ष 1956 से लेकर 2020 तक 877 कर्मियों ने शहादत दी है। इन पुलिसकर्मियों ने प्रदेश की जनता को सुरक्षित रखने की महान परंपरा स्थापित की।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पुलिसकर्मियों के कर्त्तव्य-पथ पर चलने का ही परिणाम है कि अब चंबल क्षेत्र में डाकुओं की बंदूकें नहीं चलती, वहाँ विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। नक्सलियों का नेटवर्क तोड़ा गया है। सिमी के नेटवर्क को भी ध्वस्त किया गया है। सिंहस्थ में भी पुलिस ने कानून- व्यवस्था के साथ नागरिक कर्त्तव्यों के पालन में अद्भुत मिसाल प्रस्तुत की। कोरोना के संकट के समय प्रदेशवासियों की जिंदगी की सुरक्षा के लिए पुलिस वालों ने अपनी जान को जोखिम



में डाला और हमारे कई साथियों ने अपने आप को बलिदान कर दिया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि चंबल में आई विनाशकारी बाढ़ में पुलिस प्रशासन ने जान जोखिम में डालकर लोगों को सुरक्षित निकालने में सफलता पाई। संकट का समय हो या कानून-व्यवस्था की स्थिति या त्योहारों में व्यवस्था को बनाए रखना हो, पुलिस हर कठिन परिस्थिति में जुटी है और कर्त्तव्य पर खड़ी है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बदलते जमाने के साथ अपराधों का स्वरूप बदलता जा रहा है। पुलिसकर्मियों की तकनीकी दक्षता में वृद्धि के लिए प्रशिक्षण आवश्यक है। प्रशिक्षण एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। पुलिस में जवान से लेकर अधिकारियों तक के प्रशिक्षण का क्रम निरंतर चलता रहे, ऐसी व्यवस्था आवश्यक है। साथ ही पुलिसकर्मियों को तनाव से मुक्त करने और वे अकेलापन अनुभव न करें, इसके लिए विभिन्न विधाओं को अपनाने की आवश्यकता है। पुलिसकर्मी अधिक मनोयोग से कैसे काम करें, वे बेहतर जिंदगी कैसे जिए, इस दिशा में भी राज्य सरकार कार्य करेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस स्थापना दिवस जैसे कार्यक्रमों को जनता से जोड़ने की आवश्यकता है। ऐसे कार्यक्रम जनता के बीच में हों। पुलिस को जनता से जोड़ने, कम्युनिटी पुलिसिंग के क्रियान्वयन में ऐसे कार्यक्रमों के जनता के बीच आयोजन से अच्छे परिणाम निकलेंगे। जनता को यह अनुभव कराना आवश्यक है कि पुलिस मेरी मित्र है। हमें ऐसी कार्य-संस्कृति विकसित करना है, जिससे थाने में आने वाला कोई भी व्यक्ति डरे नहीं। यह भाव विकसित करना होगा कि थाना केवल अपराधियों के लिए नहीं है। जनता में पुलिस का विश्वास विकसित करना आवश्यक है, हमें इस दिशा में निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैं पूर्णतः आश्वस्त हूँ कि हमारे पुलिस जवानों के रहते हुए प्रदेश की जनता पूर्णतः सुरक्षित है। हम प्रशासनिक दक्षता के साथ कर्त्तव्य-पथ पर निरंतर चलते रहें, इसके प्रयास हमें करते रहना होंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वर्ष 1956 से लेकर 26 जनवरी 2021 तक 429 वीरता, 229 विशिष्ट सेवा और 1508 मेधावी पदक पुलिस के सदस्यों ने प्राप्त किए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभी पदक विजेताओं को बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अगले वर्ष का कार्यक्रम पुलिस के शौर्य का प्रकटीकरण करते हुए जनता के बीच आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम जीवतंता का प्रतीक है। मध्यप्रदेश पुलिस के स्थापना दिवस पर आनंद का प्रकटीकरण आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक अरविन्द सक्सेना अपर परिवहन आयुक्त, धर्मवीर सिंह पुलिस अधीक्षक सतना, विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक श्रीमती अनुराधा शंकर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण, श्रीमती प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक महिला अपराध, श्री संतोष कुमार उपाध्याय उप पुलिस अधीक्षक यातायात इंदौर, श्री भरत कुमार भावसार सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक, श्री राकेश मोहन दीक्षित सेवानिवृत्त निरीक्षक, डॉ. फरीद बजमी ग्रंथालय अधिकारी, नरेन्द्र कुमार गंगराड़े निरीक्षक और अजय तुरकई निरीक्षक को प्रदान किए। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान की दृढ़ इच्छाशक्ति के परिणामस्वरूप प्रदेश में दस्यु गतिविधियाँ समाप्त हैं और नक्सल गतिविधियाँ पूरी तरह से नियंत्रण में है। सिमी का नेटवर्क भी ध्वस्त किया जा चुका है। प्रदेश में कोई भी चिन्हित गैंग या संगठित अपराध नहीं है। गत वर्ष 904 माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

ओमिक्रॉन का बढ़ता खतरा परीक्षा को लेकर चिंतित बोर्ड

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश के पड़ोसी राज्यों में ओमिक्रॉन के केस भी मिल चुके हैं। ऐसे में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश की 10वीं और 12वीं बोर्ड के फरवरी में होने वाले एग्जाम के टलने की भी आशंका बढ़ने लगी है। बोर्ड का पूरा प्रयास ऑफलाइन परीक्षा कराने पर है, लेकिन एग्जाम के न होने की स्थिति में एक और प्लान तैयार कर लिया गया है। परीक्षा नहीं होने की स्थिति में इस बार फॉमूर्ला रिजल्ट की जगह आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर रिजल्ट तैयार किया जाएगा। बताया जाता है कि साल की शुरूआत में ही बोर्ड के सरकारी और प्राइवेट स्कूल में आंतरिक मूल्यांकन की पूरी व्यवस्था करने के निर्देश दे दिए गए थे। हालांकि, प्रयास ऑफलाइन परीक्षा लिए जाने पर है, लेकिन अगर ऐसी स्थिति बनती है, जिससे परीक्षा नहीं होने की स्थिति बनती है तो तिमाही, अर्द्धवार्षिक और साल भर के मूल्यांकन के आधार पर रिजल्ट तैयार किया जाएगा। दरअसल दो साल से परीक्षा नहीं होने के कारण बच्चों को पास किया गया। ऐसे में पिछले साल फॉमूर्ला रिजल्ट के आधार पर बनाया गया

मुख्यमंत्री ने स्मार्ट उद्यान में करंज और अर्जुन का पौधा रोपा

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को स्मार्ट उद्यान में करंज और अर्जुन का पौधा लगाया। इस अवसर पर कोई भूखा न रहे मेरे भोपाल में के उद्देश्य से कार्य कर रहे धर्मश्री फाउंडेशन के कार्यकर्ता सिद्धार्थ तिवारी, सुश्री प्रिया तिवारी और प्रखर कोचर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान अपने संकल्प के क्रम में प्रतिदिन पौध-रोपण कर रहे हैं। पौध-रोपण को जन- आंदोलन बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री चौहान प्रतिदिन सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों के साथ पौध-रोपण करते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने धर्मश्री फाउंडेशन के सदस्यों से चर्चा कर गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। **संस्था की गतिविधियाँ**-धर्मश्री फाउंडेशन ने गत दो वर्षों में कोरोना काल में कोई भूखा न सोए मेरे भोपाल में मिशन के तहत भोपाल के अलग-अलग स्थानों पर जा कर गरीब असहाय और जरूरतमंदों को भोजन एवं खाद्य सामग्री वितरित की। संस्था ने कोरोना से बचाव के लिए आवश्यक मास्क, सेनिटाइजर, हैंड ग्लव्स आदि सामग्री भी निःशुल्क वितरित की। कोविड की दोनों लहरों में संस्था के सदस्यों ने अपनी स्वयं की परवाह किए बिना निःस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों को आवश्यक सामग्रियाँ उपलब्ध कराई। कोरोना की दूसरी लहर में भी संस्था द्वारा कोरोना संक्रमित मरीजों को अस्पतालों से संपर्क कर बेड उपलब्ध कराए गए।

निजीकरण के खिलाफ बैंकर्स की दो दिनी हड़ताल

विदिशा,(निप्र)। बैंकों के निजीकरण के फैसले के विरोध में बैंक कर्मचारियों और बैंक से संबंधित विभिन्न यूनियन के सदस्यों ने दूसरे दिन भी हड़ताल जारी रखी बैंक कर्मचारियों और यूनियन के सदस्यों का कहना है कि सरकार बैंकों का निजीकरण कर रही है जिससे बैंक और कर्मचारियों को नुकसान होगा । साथ ही साथ उपभोक्ता भी परेशान होंगे अपनी इन्हीं मांगों को लेकर और निजीकरण का विरोध करते हुए बैंक कर्मचारी उन्हें 16 और 17 तारीख को भी हड़ताल की है । बैंक कर्मचारियों ने बताया कि पूरे देश में एक साथ निजीकरण का विरोध करते हुए हड़ताल की जा रही है।



बेतवा में चोर नाले का गंदा पानी मिलने से रोकने सौंपा ज्ञापन

विदिशा,(निप्र)। जीवनदायिनी माँ बेतवा में विदिशा नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत चोर घाट नाले एवं अन्य नालों का गंदा पानी बेतवा को लगातार प्रदूषित कर रहा है । इस गंदे पानी को नदी में मिलने से रोकने हेतु बेतवा उत्थान समिति 2003 से निरंतर प्रयासरत है जिस हेतु प्रशासन नगर पालिका परिषद विदिशा को समिति द्वारा व्यक्तिगत तथा अन्य अनगिनत पत्रों के माध्यम से उक्त समस्या के निराकरण हेतु अनुरोध किया जाता रहा है फिर भी नगर पालिका परिषद द्वारा अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है । क्षेत्र की जीवनदायिनी पवित्र नदी बेतवा में बिना ट्रीटमेंट के शहर के नालों का गंदा पानी सीधे नदी में प्रवाहित होने से श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका है । वर्तमान में अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम में शहर के नालों के द्वारा नदी में सीधा दूषित पानी मिलने के कारण नदी के घाटों का पानी काला तथा प्रदूषित हो रहा है जो नागरिकों के उपयोग में लेने हेतु नहीं कहा जा सकता जिस कारण नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। नालों का गंदा पानी बिना ट्रीटमेंट के सीधा नदी में मिलने से रोका जाए तथा नदी के जल की शुद्धता की जांच शीघ्र कराई जाए बेतवा उत्थान समिति द्वारा कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिका परिषद उमाशंकर भार्गव को बेतवा उत्थान समिति अध्यक्ष अतुल शाह, सचिव केएन गुप्ता,सह सचिव हितेन्द्र सिंह रघुवंशी,संचालक नीलकंठ पंडित, जीएस चौहान ने शीघ्र जांच करने हेतु ज्ञापन सौंपा।





In the Court Of XII Civil Judge Class-II, District Court, Indore
Presiding Officer : सुश्री अंकिता त्रिपाठी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS-A/0001344/2021)
विजय केवी लक्ष्मि रिद कॉलोनिक_____वादी
VS
सर्वसाधारण_____प्रतिवादी
Process Id-/2021
पेशी दिनांक :- 21/01/2022

टिप्पणी-
(1) सर्वसाधारण पक्ष - सर्वसाधारण
यह कि प्रार्थी विजय सैवी लक्ष्मि रिद कॉलोनिक ने आपके विरूद्ध निषेधित प्रकाशन ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सुनवाय के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपस्थापक / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे व्यक्ति (अभिभाषक) द्वारा उपस्थापन हो सकते है, जिसे सम्मक अनुतोष दिये जाने की और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कार्यवाही का ज्ञान दे सके । आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजायई का दावा या प्रतिपक्ष आधारित हो, और जाहि आप किसी दस्तावेज पर भरोसे का आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजायई के समर्थन में साक्ष्य के रूप में लिये जाने हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें । आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक तरफा सुनवाई की जाकर निष्पादन आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा । साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निर्धारित समय के भीतर से कारण के दृष्टिकोण हैं तो पीठासीन अधिकारी की अवकाश कालीन । यह आज तारीख 15 December 2021 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी :- वादपत्र अन्तर्गत आदेश 7 नियम 1 सीपीसी की सकल संशोधन है
कृपया ध्यान दें :-
1. यदि किसी कारणवश इस तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगली कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा ।

न्यायाधीश
बारहवें व्यवहार न्यायाधीश वर्ग – 2
इन्दौर (म.प्र.)

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विश्व बैंक योजना जसवाड़ी रोड खंडवा में भूखंड क्रमांक ए-456 एलआईजी श्री दिलीप सिंह तंवर पिता श्री रूपसिंह तंवर को आवंटित है। श्री दिलीप सिंह तंवर की मृत्यु दिनांक 27.7.2009 को हो जाने से इनके परिवार में इनकी पत्नि श्रीमती पार्वती तंवर पति स्व. श्री दिलीप सिंह तंवर एवं पुत्र श्री पीयुष पिता स्व. श्री दिलीपसिंह तंवर द्वारा उक्त भूखंड को अपने नाम नामांतरण करने हेतु इस कार्यालय में मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार के सदस्यों का सहमति का शपथ व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर आवेदन किया गया है। श्री दिलीप सिंह तंवर की मृत्यु उपरांत उक्त भूखंड इनकी पत्नि श्रीमती पार्वती तंवर पति स्व. श्री दिलीप सिंह तंवर एवं पुत्र श्री पीयुष पिता स्व. दिलीप सिंह तंवर के नाम नामांतरण करने में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक वित्तीय संस्था, परिवार के सदस्यों को कोई आपत्ति हो तो मय ठोस प्रमाण के विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित रूप में पेश करें। इसके पश्चात कोई आपतित मान्य नहीं की जावेगी तथा नामांतरण की आगामी कार्यवाही की जावेगी।
संपत्ति अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग खंडवा

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विश्व बैंक योजना जसवाड़ी रोड खंडवा में श्री राकेश कुमार मिश्रा पिता श्री देवकृष्ण मिश्रा को भूखंड क्रमांक ए-636 एलआईजी पूर्ण मूल्य भुगतान पर आवंटित है। आवंटी द्वारा उक्त भूखंड को विक्रय विलेख के माध्यम से श्री अशोक मालाकार पिता श्री फुलचंद मालाकार को विक्रय किया गया है तथा इस कार्यालय में नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को कोई आपत्ति हो तो मय ठोस प्रमाण के विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित रूप में पेश करें। इस अवधि के पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा तथा भूखंड नामांतरण की आगामी कार्यवाही की जावेगी।
संपत्ति अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग खंडवा

नाम परिवर्तन सूचना

मेरी पक्षकार दिव्या पाटीदार (दिव्या जोशी) का विवाह प्रयास जोशी निवासी 225/1, मातुश्री गांधी नगर रतलाम से हो चुका है तथा मेरी पक्षकार पूर्व में दिव्या पाटीदार के नाम से जानी व पहचानी जाती थी, परन्तु विवाह के पश्चात मेरी पक्षकार का उक्त पुरा नाम श्रीमती डा. दिव्या पाटीदार हो गया है तथा जिससे अब वर्तमान व भविष्य में श्रीमती डा. दिव्या पाटीदार जोशी के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।
हस्ताक्षर अभिवक्ता

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने फ्लेट न. 203, ग्रीनियम टॉवर-1, शालीमार टाऊनशिप, निरंजनपुर, इंदौर स्थित 3 BHK का फ्लेट जिसका सुपर बिल्टअप एरिया 1970 वर्गफीट है, का सौदा सुमित पिता श्री व्ही.जी. पेढ़ारकर एवं श्रीमती मोनिका ऐरन्डे पति श्री सुमित पेढ़ारकर से किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। उक्त फ्लेट पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, कम्पनी, एलएलपी, फर्म, बैंक आदि का किसी भी प्रकार का कोई हक, अधिकार, स्वार्थ, रहन, दान, बहौस, चार्ज, जमानत, मेंटेनेंस, डिक्री आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिन में मेरे कार्यालय में मय लेखी प्रमाण अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद नियाद मेरे पक्षकार द्वारा सदर फ्लेट के विक्रय-लेख का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हक में करा लिया जावेगा एवं बाद नियाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं होगी।
एस.के. गर्ग, एडवोकेट
239, तिलकपथ, दूसरी मंजिल (कृष्णपुरा), इन्दौर, निवास: 241, अंजनी नगर, इन्दौर
मोबाइल : 98260-66140

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विश्व बैंक योजना जसवाड़ी रोड खंडवा में श्री जगदीश चौहान पिता श्री गंगाबक्श चौहान को भूखंड क्रमांक ए-885 ईडब्ल्यूएस पूर्ण मूल्य भुगतान पर आवंटित है। आवंटी द्वारा उक्त भूखंड को विक्रय विलेख के माध्यम से श्री कैलाश पाटिल पिता श्री निर्मलदास पाटिल को विक्रय किया गया है तथा इस कार्यालय में नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को कोई आपत्ति हो तो मय ठोस प्रमाण के विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित रूप में पेश करें। इस अवधि के पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा तथा भूखंड नामांतरण की आगामी कार्यवाही की जावेगी।
संपत्ति अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग खंडवा

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विश्व बैंक योजना जसवाड़ी रोड खंडवा में श्रीमती निर्मला त्रिपाठी पति श्री राजकुमार त्रिपाठी को भूखंड क्रमांक सी-51 एलआईजी पूर्ण मूल्य भुगतान पर आवंटित है। आवंटी द्वारा उक्त भूखंड को विक्रय विलेख के माध्यम से श्रीमती आरती बर्मन पति रघुवीर बर्मन एवं रघुवीर बर्मन पिता श्री बेसरीलाल बर्मन को विक्रय किया गया है तथा इस कार्यालय में नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को कोई आपत्ति हो तो मय ठोस प्रमाण के विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित रूप में पेश करें। इस अवधि के पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा तथा भूखंड नामांतरण की आगामी कार्यवाही की जावेगी।
संपत्ति अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग खंडवा

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विश्व बैंक योजना जसवाड़ी रोड खंडवा में श्रीमती पुष्पा शर्मा पति श्री दिनेश कुमार शर्मा को भूखंड क्रमांक ई-267 ईडब्ल्यूएस पूर्ण मूल्य भुगतान पर आवंटित है। आवंटी द्वारा उक्त भूखंड को विक्रय विलेख के माध्यम से श्रीमती कीर्ति पति श्री गोलू बारे एवं गोलू पिता कालू बारे को विक्रय किया गया है तथा इस कार्यालय में नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को कोई आपत्ति हो तो मय ठोस प्रमाण के विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित रूप में पेश करें। इस अवधि के पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा तथा भूखंड नामांतरण की आगामी कार्यवाही की जावेगी।
संपत्ति अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग खंडवा

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इंदिरा कालोनी बुरहानपुर में श्रीमती अर्वातिका कोल्हे पति श्री एकनाथ कोल्हे को भवन क्रमांक सी-99 एलआईजी पूर्ण मूल्य भुगतान पर आवंटित है। आवंटी की मृत्यु दिनांक 19.4.2005 को हो जाने से इनके वारिसदारों में एकनाथ कोल्हे, विकास, सुभाष, प्रदीप तीनों पिता एकनाथ द्वारा भवन को विक्रय विलेख के माध्यम से श्रीमती वत्सला कोल्हे पति श्री पुण्डलिक कोल्हे को दिनांक 22.5.2005 को विक्रय किया गया है तथा इस कार्यालय में अब नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, परिवार के सदस्य आदि को कोई आपत्ति हो तो मय ठोस प्रमाण के विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित रूप में पेश करे। इस अवधि पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा तथा भवन नामांतरण की आगामी कार्यवाही की जावेगी।
संपत्ति अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग खंडवा

GODHA CABCON& INSULATION LIMITED

CIN: L31909MP2016PLC041592
Register Office:- 36-D, Sector -B, SanwerRoad,Industrial Area, Indore (MP)
E-Mail:- info@godhacabcon.com Website: www.godhacabcon.com

RESULTS OF POSTAL BALLOT (INCLUDING E-VOTING)

It is hereby notified that pursuant to Section 110 of the Companies Act, 2013 read with applicable Companies (Administration & Management) Rules, 2014, Regulation 44 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and in terms of the Postal Ballot Notice dated November 10,2021 to the members, consent of the members was sought for passing of the Resolutions.

Based on the Scrutinizer's Report dated December 15,2021the details of the results of the Postal Ballot (including e-voting) are as under:

Item No of the Notice	Particulars	Total No of shares	No. of votes Polled/ Evoting	Total Votes cast in favour		Total Votes cast against	
				No. of shares	% of votes cast in favour on votes polled	No. of shares	% of votes cast against on votes polled
1	Change in Object Clause of the company	11104000	8114989	8114989	73.0817	0	0.00

As per the results of the Postal Ballot/ E-voting the resolutions have been passed with requisite majority.

The result of the Postal Ballot has been displayed on the Notice Board at the Registered Office of the Company, communicated to the Stock Exchange and has also been posted on the website of the Company along with scrutiniser's report.

Registered office:
36-D, Sector-B, Sanwer Road, Industrial Area, Indore, MP-452006
Place: Indore
Date: December 16, 2021

By order of the Board
Godha Cabcon & Insulation Limited
Rahul Verma
Company Secretary

GODHA CABCON& INSULATION LIMITED

CIN: L31909MP2016PLC041592

Register Office:- 36-D, Sector -B, SanwerRoad,Industrial Area, Indore (MP)
E-Mail:- info@godhacabcon.com Website: www.godhacabcon.com

RESULTS OF POSTAL BALLOT (INCLUDING E-VOTING)

It is hereby notified that pursuant to Section 110 of the Companies Act, 2013 read with applicable Companies (Administration & Management) Rules, 2014, Regulation 44 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and in terms of the Postal Ballot Notice dated November 10,2021 to the members, consent of the members was sought for passing of the Resolutions.

Based on the Scrutinizer's Report dated December 15,2021the details of the results of the Postal Ballot (including e-voting) are as under:

Item No of the Notice	Particulars	Total No of shares	No. of votes Polled/ Evoting	Total Votes cast in favour		Total Votes cast against	
				No. of shares	% of votes cast in favour on votes polled	No. of shares	% of votes cast against on votes polled
1	Change in Object Clause of the company	11104000	8114989	8114989	73.0817	0	0.00

As per the results of the Postal Ballot/ E-voting the resolutions have been passed with requisite majority.

The result of the Postal Ballot has been displayed on the Notice Board at the Registered Office of the Company, communicated to the Stock Exchange and has also been posted on the website of the Company along with scrutiniser's report.

Registered office:
36-D, Sector-B, Sanwer Road, Industrial Area, Indore, MP-452006
Place: Indore
Date: December 16, 2021

By order of the Board
Godha Cabcon & Insulation Limited
Rahul Verma
Company Secretary